कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक),करौली

काउन्सलिंग सूचना

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय करौली ने अवगत कराया कि श्रीमान निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के निर्देशानुसार सहायक अध्यापक, लेवल प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल द्वितीय संविदा भर्ती 2023 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति/पदस्थापन हेतु दिनांक 27-07-2023 को सहायक लेवल प्रथम एवं 28.07.2023 को सहायक लेवल द्वितीय हेतु प्रातः 10.00 बजे स्थानीय कार्यालय मे परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें काउन्सलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन का समय प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा। काउन्सलिंग मे भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपनें साथ निम्नलिखित दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

1-दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) होने पर सक्षम चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र।

2-विधवा महिला है तो विकल्प प्रस्तुतीकरण के साथ पुनर्विवाह नहीं किये जाने का शपथ पत्र 50 रूपये के स्टाम्प पर मय पति के मृत्यु प्रमाण पत्र साथ लावें ।

3- परित्यक्ता महिला है तो सक्षम न्यायालय द्वारा जारी विवाह विच्छेदन सम्बन्धी डिक्री की प्रति प्रस्तुत करें एवं पुनर्विवाह नही किये जाने का शपथ पत्र 50 रूपये के स्टाम्प पर प्रस्तुत करें।

4-एकल महिला है तो अविवाहित होने का शपथ पत्र 50/-रू. के स्टाम्प पर प्रस्तुत करें।

5-भूतपूर्व सैनिक है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं सेवानिवृति साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करें।

6-यदि पति अथवा पत्नि यदि जिले में राजकीय सेवा में कार्यरत् है तो कार्यरत् होने का संबंधित अधिकारी से प्रमाणित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

7-करौली जिले में आवंटित अभ्यर्थियों में पति पत्नि दोनों का चयन होने की स्थिति में विवाह पंजीकरण(मैरिज सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करें।

8-शहीद सैनिक के आश्रित(अविवाहित पुत्री/वीरांगना) होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं पुत्री अविवाहित होने पर अविवाहित होने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

9-अभ्यर्थी स्वयं एवं माता-पिता, पति-पत्नि असाध्य रोग(ब्रेन ट्यूमर, कैंसर, गुर्दा प्रत्यारोपण, ओपन हार्ट सर्जरी) से पीडित होने पर सक्षम चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

10-नव चयनित अभ्यर्थी के लिये 50 रूपये के नोन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर प्रस्तुत समस्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र वैद्य होने का शपथ पत्र,

11-नव चयनित अभ्यर्थी के लिये एक पास पोर्ट साइज का फोटो ।

12-नव चयनित अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं आयु एवं विशेष केटेगरी यथा अजा,अजजा,ओबीसी,एमबीसी एवं विकलांग आदि का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र एवं संलग्न दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित छांया प्रति साथ लावे।

13-नव चयनित आशार्थी विवाहित होने पर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र एवं 01.06.02 को /पश्चात तीसरी संतान नहीं होने का 50 रूपये के नोन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर शपथ पत्र।

14-फोटो युक्त पहचान पत्र मय स्वप्रमाणित छायाप्रति।

काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहने पर प्रदर्शित रिक्तिओं में से शेष रही रिक्तिओं पर कहीं भी पदस्थापित कर दिया जावेगा।

(भरत लाल मीना)
जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय
माध्यमिक-करौली

क्रमांक-जिशिअ/संस्था-I/अंग्रेजी माध्यम/फा.संविदा भर्ती-2023/2023/ 150 दिनांक 25/07/2023

प्रतिलिपि :-1- संपादक राजस्थान पत्रिका करौली।
2- संपादक दैनिक भास्कर करौली।
3-संपादक दैनिक नवज्योति करौली।
4-संपादक राष्ट्रदूत।

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माध्यमिक-करौली

Scanned with OKEN Scanner